03/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के अशोक विहार में झुग्गी बस्तियों के निवासियों के लिए लगभग 1700 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन किया और पात्र लाभार्थियों को चाबियाँ सौंपीं। इस परियोजना का उद्देश्य झुग्गी बस्तियों में रह रहने वाले लोगों को उचित सुख-सुविधाओं से युक्त बेहतर और स्वस्थ रहने का माहौल प्रदान करना है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं- नौरोजी नगर में विश्व व्यापार केंद्र और सरोजिनी नगर में जनरल पूल आवासीय आवास टाइप-II क्वार्टर का भी शुभारंभ किया। उन्होंने द्वारका में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के एकीकृत कार्यालय परिसर को भी जनता को समर्पित किया। श्री मोदी ने नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला भी रखी। उन्होंने पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में पूर्वी परिसर में अकादमिक ब्लॉक और द्वारका में पश्चिमी परिसर में अकादमिक ब्लॉक की आधारशिला रखी।

000000000000000000000

केंद्रीय रेल तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज गुवाहाटी से तीन रेलगाड़ियों गुवाहाटी-न्यू लखीमपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस, न्यू बोंङाईगांव-गुवाहाटी पैसेंजर ट्रेन और तिनसुकिया-नाहरलागुन एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने असम में कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

श्री वैष्णव ने आकाशवाणी कोकराझार में 10 किलोवाट एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल शुभारंभ किया।

00000000000000000000

विदेश मंत्रालय ने आज कहा कि भारत ने चीनी पक्ष से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि ब्रह्मपुत्र के निचले इलाकों के राज्यों के हितों को ऊपरी इलाकों में गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में यारलुंग त्सांगपो नदी पर जलविद्युत परियोजना पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नदी के पानी पर स्थापित उपयोगकर्ता अधिकारों वाले निचले तटवर्ती राज्य के रूप में नई दिल्ली ने अपनी चिंताओं को दोहराया है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत के हितों की रक्षा के लिए निगरानी और आवश्यक उपाय करना जारी रखेगी।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023 ने अरुणाचल प्रदेश को मध्य प्रदेश के बाद सबसे अधिक वन और वृक्ष क्षेत्र वाले शीर्ष तीन राज्यों में संकलित किया है जिसमें महाराष्ट्र भी शामिल है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने राज्य वन विभाग सहित सभी हितधारकों को वन और वृक्ष क्षेत्रों को संरक्षित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के उनके ठोस प्रयासों के लिए बधाई दी, जो पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और पृथ्वी पर जीवन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। श्री खांडू ने सभी से भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखने का आग्रह भी किया।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश - AGMUT कैडर के 2007 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी तोजो कारगा को पुलिस महानिरीक्षक (IGP) के पद पर पदोन्नत किया गया है। वे उप महानिरीक्षक (DIG) जेल के पद पर कार्यरत थे। IGP ग्रेड में उनकी पदोन्नति इस वर्ष 1 जनवरी या कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। इसी तरह, AGMUT कैडर के 2011 बैच के IPS अधिकारी तुम्मे आमो और आपांग तामुत को पुलिस उप महानिरीक्षक (DIGP) के पद पर पदोन्नत किया गया। DIGP ग्रेड में उनकी पदोन्नति इस महीने की 1 तारीख या कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज कहा कि भारत बहुत तेजी से मलेरिया मुक्त भविष्य की ओर बढ़ रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी नवीनतम विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मध्य प्रदेश और दादरा और नगर हवेली सहित 2023 में श्रेणी 1 में आ गया है, जिसमें प्रति 1000 जनसंख्या पर एक से भी कम मामले की एनुअल पेरासाइट इंसिडेंट (API) की रिपोर्ट है। इसके अलावा, 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त बनने में मदद करने के लिए मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत लक्षित हस्तक्षेपों की प्रभावकारिता पर प्रकाश डालते हुए श्री खांडू ने कहा कि

टीम अरुणाचल 2027 तक शून्य स्वदेशी मामलों को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

00000000000000000000

तिनसुकिया पुलिस और महिला पुलिस स्टेशन ईटानगर ने हाल ही में ईटानगर द्वारा एक संयुक्त अभियान तहत एक नाबालिग लड़की को बचाया गया है। संयुक्त अभियान को असम के तिनसुकिया पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज दो नाबालिकों के लापता होने के मामले के संबंध में चलाया गया था। एक नाबालिक को ईटानगर में एक चेल्लो आव नामक स्थानीय महिला के निवास से बचाया गया। अन्य लापता नाबालिक तलाश अभी जरी हैं। इस जघन्य अपराध में शामिल सभी व्यक्तियों को पकड़ने के लिए भी अधिकारी जुटें हुए हैं। इस बीच, टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए, पुलिस अधीक्षक कैपिटल पुलिस रोहित राजबीर सिंह ने ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स के निवासियों से नाबालिक बच्चों को घरेलू मदद के रूप में काम पर रखने से परहेज करने का आग्रह किया। उन्होंने इस तरह की हरकतों अवैध बताया।

00000000000000000000

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। इस वर्ष का मुख्य विषय हैं "स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना"। मुख्यमंत्री ने ऑटोमेशन वाराह मिहिर ऐस्ट्रॉनोमिकल ऑब्ज़र्वेट्री के स्वचालन का भी उद्घाटन किया। इस दौरान देशभर के 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक और शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

00000000000000000000